**Code No. 085**

**PRE-BOARD EXAMINATION-1 - DECEMBER, 2019**

**CLASS: IX** **HINDI - 2nd LANGUAGE** **Time: 3Hrs.**

**Max. Marks: 80**

---

निर्देश :

*क) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग और घ।*

*ख) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

*ग) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।*

खंड - क

अपठित बोध

1. नीचे दिए गद्यांश पढ़कर निम्मलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -:

राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को एकता का पाठ सिखाया जाता है। भारत के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस देश में एकता, प्रेम, शांति और बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत केंद्र सरकार ने सन् 2014 में दिल्ली में किया था। सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता का मिसाल भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने हमेशा देश को एकजुट करने का प्रयास किया इसलिए इस दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए उन्हें हम श्रद्धांजलि देते हैं और इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं।

31 अक्टूबर सन् 2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस को सर्वव्यापी बनाने और महान लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करने के लिए मैराथन का भी आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाने के साथ-साथ देश के युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता का संदेश भी पहुँचाता है क्योंकि अगर देश के युवा पीढ़ी एकता को समझेंगे तभी राष्ट्रीय एकता सफल होगा। इस दिन देश के विभिन्न स्थानों पर

राष्ट्रीय एकता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रन फॉर यूनिटी मैराथन देश के विभिन्न शहरों गांव और जिलों में आयोजन किया जाता है इस दिन स्कूलों राष्ट्रीय सेवा योजना के लोग बहुत बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते है ।

एकता का सबसे बड़ा बाधक है स्वार्थता । जब हम सिर्फ अपने फायदे और नुकसान के बारे में सोचते है तथा उसे दूसरे की परवाह नहीं होती है, तब देश का विकास नहीं हो सकता।

एकता एक ऐसी ताकत है जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेज शासन के विरुद्ध आम भारतीय लोगों ने मिलकर दिखाई थी जिसका अंजाम हमारे सामने हैं कि हमारा भारतवर्ष आजाद है।

क) राष्ट्रीय एकता दिवस देश में किसको बढ़ावा देता है? 1

ख) राष्ट्रीय एकता दिवस किसके जन्मदिन के शुभ अवसर पर मनाया जाता है और कौन सा पाठ सिखाया जाता है ? 2

ग) सरदार वल्लभ भाई पटेल को क्या कहा जाता है ? क्यों ? 2

घ) स्वतंत्रता आंदोलन के समय भारतीयों ने कैसा ताकत दिखाया और इसका क्या अंजाम निकला ? 2

ङ) राष्ट्रीय एकता दिवस में विभिन्न स्थानों पर क्या-क्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ? 2

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

जैसे नदी में सिर्फ पानी नहीं बहता
फूल पत्ते, लकड़ी, नावें, दीप और
मुर्दे तक बहते हैं,
इसी तरह मन में
सिर्फ़ विचार नहीं रहते
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और उदासी सब रहते हैं एक साथ
वहाँ बहाव का आधार पानी है
यहाँ प्राण और वाणी है ।
पानी कहीं थम न जाए
धारा सूखने न पाए
तो सब ठिकाने लग जाते हैं-

फूल पत्ते और लकड़ी
नावें दीप और शरीर
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और
इच्छाएँ अधीर ।

क) कविता में नदी और मन की तुलना क्यों की गई है ? 2

ख) मन के संदर्भ में सुगंध और प्रकाश तथा विश्वास और उदासी शब्दों से कवि का क्या आशय है ? 2

ग) नदी में पानी के साथ क्या क्या बहता है ? 2

## खंड - ख
## व्याकरण

3. सही विकल्प चुनकर लिखिए- 4

i. क) नव + आगत = नवागत
ख) नवा + आगत = नवागत
ग) नवा + अगत = नवागत

ii. क) हितोप + देश = हितोपदेश
ख) हितो + उपदेश = हितोपदेश
ग) हित + उपदेश = हितोपदेश

iii. क) परमा + ईश्वर = परमेश्वर
ख) परमे + ईश्वर = परमेश्वर
ग) परम + ईश्वर = परमेश्वर

iv क) महर + ऋषि = महर्षि
ख) मह + ऋषि = महर्षि
ग) महा + ऋषि = महर्षि

4. निम्नलिखित वाक्यों में से उचित विराम चिह्न वाले वाक्य लिखिए- 3

i. क) सुरक्षाकर्मी ने कहा- " अरे तुम यहाँ कैसे चले आए ?"

ख) सुरक्षाकर्मी ने कहा:- अरे तुम यहाँ कैसे चले आए ।

ग) “सुरक्षाकर्मी ने कहा-“ अरे तुम यहाँ कैसे चले आए ?

ii. क) “मैं तो आज खिचड़ी बना रही हूँ हल्की रहेगी”- पत्नी ने कहा ।

ख) “मैं तो आज खिचड़ी बना रही हूँ” हल्की रहेगी, पत्नी ने कहा ।

ग) “मैं तो आज खिचड़ी बना रही हूँ, हल्की रहेगी”- पत्नी ने कहा ।

iii क) उफ, तुम कब जाओगे अतिथि ?

ख) उफ ! तुम कब जाओगे अतिथि ?

ग) उफ ! “तुम कब जाओगे अतिथि ?”

5. i उचित वर्ण-विच्छेद को लिखिए--: 2

क) ग् + अ + र् + आ + म् + ई + ण् + अ

ख) ग् + र् + आ + म् + ई + ण् + अ

ग) ग् + र् + आ + म् + इ + ण् + अ

ii क) म् + अ + न् + उ + ष् + य् + अ + त् + व् + अ

ख) म् + अ + न् + ऊ + ष् + अ + य् + त् + व् + अ

ग) म् + अ + न् + उ + श् + य् + अ + त् + अ + व् + अ

6. i उचित नुक्ता प्रयोग वाले शब्द चुनकर लिखिए- 3

ख़ुदा हंस पहुँच

ii उचित अनुनासिक प्रयोग वाले शब्द चुनकर लिखिए-

पहुँच पँहुच पहुचँ

iii. उचित अनुस्वार प्रयोग वाले शब्द चुनकर लिखिए-

प्रंपच प्रपंच प्रपचं

7. i ‘प्रस्थान’ शब्द में उपसर्ग है- 3

प्रस प प्र

ii निम्नलिखित शब्दों में से वह चुनिए जिसमें किसी उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?

अशांत सामान सजीव

iii ‘प्रसन्नता’ शब्द में प्रत्यय है-

अ आ ता

खंड - ग

पाठ्य सामग्री

8 .i निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों लिखिए-

क) रहीम के दोहे के आधार पर बताइए कि आप तालाब के जल को श्रेष्ठ मानते हैं या सागर के जल को और क्यों? 2

ख) 'एक पत्र छाँह भी माँग मत 'इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

ग) 'नए इलाके में' कविता में कवि ने शहरों को किस विडंबना की ओर संकेत किया है? 2

ii क) यशपाल जी की कहानी दुःख का अधिकार में दुख मनाने का अधिकार सबको क्यों नहीं है? 2

ख) कीचड़ के प्रति कवियों की धारणा से आप कहाँ तक सहमत हैं? क्यों ? 2

ग) गाँधी जी ने महादेव भाई को अपने उत्तराधिकारी का पद कब सौंपा ? 1

9. i निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

क) देश में धर्म की धूम है - का आशय 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

ख) बातचीत की उछलती गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोनों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में आकर चुपचाप पड़ी हैं - तुम कब जाओगे अतिथि पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

ii क) नज़ीर अकबराबादी ने आदमी के चरित्र की विविधता को किस तरह उभारा है? आदमी नामा कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

ख) एक फूल की चाह कविता में देवी के भक्तों की दोहरी मानसिकता उजागर होती हैं। स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

क) "मैं चलता हूँ। अब आपकी बारी है। - "यहाँ पटेल के कथन का आशय उद्धत पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। 3

ख) स्मृति पाठ को पढ़ने के बाद किन-किन बाल सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है ? 2

## खंड - घ

## सृजनात्मक लेखन

11. क) आप अपना पुराना घर बेचना चाहते हैं । इस संबंध में समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने केलिए विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

अथवा

ख) हिन्दी की छठी-सातवीं-कक्षा के विद्यार्थियों केलिए विशेष हिन्दी व्याकरण बाज़ार में आई है । एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12. क) दो छात्रों के बीच ग्रीष्मावकाश के विषय में संवाद लिखिए | 5

अथवा

ख) चुनौती माहौल को देखते हुए दो विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच संवाद लिखिए ।

13. क) आपको पहली बार प्रधानाचार्या के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुआ, अपने इस अनुभव को मित्र को पत्र लिखकर बताइए । 5

अथवा

ख) नवीं कक्षा में कंप्यूटर विषय के चयन के कारण व आज के युग में कंप्यूटर की उपयोगिता बताते हुए विदेश में रहनेवाले मित्र को पत्र लिखिए ।

14. दिए गए संकेतु बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 90-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । 5


क) मधुर वाणी
- ईश्वर द्वारा दिया गया वरदान
- कटु वचनों का प्रभाव
- मधुर वचनों का लाभ

ख) भारत की नारी, नहीं रही बेचारी
- वेदों में नारी
- इतिहास में स्थान
- वर्तमान में नारी की नई पहचान

घ) आत्मनिर्भरता
आत्मनिर्भरता में सुख
पराधीनता में दुख तथा आत्मविश्वास की कमी
विपत्ति निजी शक्ति का ही भरोसा होता है

15. किसी एक चित्र देखकर लगभग बीस से तीस शब्दों में उसका वर्णन कीजिए- 5

क)



अथवा

`

ख)

